अमर उजाला

# खसपरी के एक घर से 40 पेटी नकली शराब बरामद

लखनऊ ब्यूरो Updated Sat, 22 Jun 2019 01:48 AM IST



**घर से 40 पेटी नकली शराब बरामद**

**रायबरेली। मिल एरिया थाने व आबकारी पुलिस की संयुक्त टीम ने खसपरी गांव में दबिश देकर एक घर से 40 पेटी नकली शराब बरामद की। टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि बरामद शराब दूसरे जिले भेजने की तैयारी थी।**

**पुलिस अवैध शराब से जुड़े अन्य कारोबारियों का पता लगाने में जुट गई है। आबकारी निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा व मिल एरिया एसओ राकेश कुमार पांडेय ने बताया कि मुखबिर से खसपरी गांव के एक घर में काफी मात्रा में शराब रखने होने की खबर मिली थी।**

**इस पर वे टीम के साथ गांव पहुंच गए। पुलिस ने गांव के राजकिशोर कुर्मी के घर छापा मारा तो नकली शराब बरामद हुई। पुलिस ने राजकिशोर को पकड़ लिया। पूछताछ में राजकिशोर ने बताया कि वो दोस्त जितेंद्र सिंह के साथ काम करता है।**

**इस पर पुलिस ने जितेंद्र को भी दबोच लिया। पुलिस का कहना है कि दोनों शराब किसी को देने के लिए इंतजार कर रहे थे। मौके से 40 पेटी मस्तीह ब्रांड की नकली शराब बरामद की गई है।**

**पुलिस टीम ने दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम व आईपीसी के तहत मामला पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। टीम में राघवेंद्र तिवारी, सिपाही अभय प्रताप सिंह, विनीत शुक्ला, नृपेंद्र, गोविंद आदि मौजूद रहे।**

**एसपी सुनील कुमार सिंह का कहना है कि अवैध शराब के धंधे पर शिकंजा कसा जा रहा है। इसमें शामिल पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।**

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/raebareli/crime/1561147357640-raibaraily-news197#